RAF SECTOR
NEWS CLIP
25/05/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar, Gangapur, (Raj)

रैपिड एक्शन फोर्स ने गंगापुर सिटी के बाजारों में किया फ्लैग मार्च

भास्कर न्यूज़। गंगापुर सिटी

शहर में रविवार को कोतवाली थाने से रैपिड एक्शन फोर्स ने शहर के मुख्य बाजारों से फ्लैग मार्च किया।

पुलिस उपाधीक्षक मुनेश कुमार मीना ने बताया कि फ्लैगमार्च के दौरान शहर के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में परिचय अभ्यास किया गया। फ्लैग मार्च कोतवाली थाने से शुरु हुआ और देवी स्टोर चौराह से होते हुए नया बाजार, फव्वारा चौक, जामा मस्जिद, कैलाश टाकीज मार्ग होता हुआ बालाजी चौक, चौपड़ बाजार, खारी बाजार, देवी स्टोर चौराहे होते हुए वापस कोतवाली थाने पर पहुंचा।

फ्लैग मार्च रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीन कुमार सिंह एवं बटालियन के सहायक कमांडेंट श्रवण लाल मीना के नेतृत्व में पुलिस उपाधीक्षक मुनेश कुमार व स्थानीय कोतवाली थाना प्रभारी करण सिंह राठौर के साथ निकाला गया।

पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि फ्लैग मार्च कर आपताकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए परिचय अभ्यास कर शहर की भौगोलिक स्थित जांची।

रैपिड एक्शन फोर्स के परिचय अभ्यास की जानकारी देते हुए सहायक कमांडेंट श्रवण कुमार मीना ने बताया कि फ्लैग मार्च के दौरान संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में परिचय अभ्यास किया गया। जिससे भविष्य में सामाजिक रूप से अप्रिय स्थिति या प्राकृतिक आपदा होने पर कारगर मरीके से उस पर नियंत्रण पाया जा सके। रैपिड एक्शन फोर्स के साथ पुलिस उपाधीक्षक मुनेश कुमार मीना व थाना प्रभारी करनसिंह राठौर भी मौजूद रहे।

संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में परिचय अभ्यास किया

Dainik Bhaskar, Gangapur, (Raj)

गंगापुर सिटी विधानसभा क्षेत्र में 83 बटालियन की प्लाटून ने मुख्य बाजार एवं संवेदनशील क्षेत्रों में अभ्यास फ्लैग मार्च निकाला

गंगापुर सिटी। गंगापुर सिटी विधानसभा क्षेत्र में गृह मंत्रालय आदेश अनुसार राजस्थान जयपुर में तैनात रैपिड एक्शन फोर्स ने गंगापुर कोतवाली थाना क्षेत्र में थाने का भ्रमण और परिचित अभ्यास करने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला। रैपिड एक्शन फोर्स की ष्ट / 83 वी बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के निर्देशन और सहायक कमांडेंट श्रवण लाल मीणा के नेतृत्व में एक प्लाटून फ्लैग मार्च निकाला।

सहायक कमांडेंट श्रवण लाल मीना के नेतृत्व में C/ 83 बटालियन की एक प्लाटून रविवार को गंगापुर कोतवाली पुलिस थाना पहुंची। गंगापुर पहुंचने के बाद टीम ने पुलिस उपाधीक्षक मुनेश मीणा, एसएचओ करन सिंह और उप निरीक्षक पूरण सिंह के साथ मिलकर गंगापुर थाना क्षेत्र के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में परिचय अभ्यास किया। इस दौरान स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर रैपिड एक्शन फोर्स ने मुख्य बाजार, व्यापार मंडल, देवी स्टोर चौराहा, नया बाजार, फवारा चौक, जामा मस्जिद, बालाजी चौक, कैलाश टॉकीज, ट्रक यूनियन, घासमंडी, श्री कल्याण जी मंदिर से वापस घास मंडी, चौपड़, मुख्य बाजार, खरी बाजार होते हुए राजकीय सामान्य चिकित्सालय तक सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर उस स्थान व इलाके में तुरंत पहुंच कर शीघ्र कार्रवाई की जा सके। आरएएफ के इस परिचय अभ्यास के आयोजन की जानकारी देते हुए सहायक कमांडेंट श्रवण लाल मीणा ने बताया कि परीक्षण अभ्यास का उद्देश्य है कि सांप्रदायिक तनाव की स्थिति, दंगा घटित होने या प्राकृतिक आपदा होने पर अधिक कारगर ढंग से उस पर नियंत्रण कार्रवाई की जा सके। विषम परिस्थितियों में तुरंत शांति व्यवस्था बनाए रखने में मदद की जा सके। परीक्षण अभ्यास में निरीक्षक घनश्याम मीणा, निरीक्षक निरीक्षक प्रमोद कुमार के साथ प्लाटून और राजस्थान पुलिस के जवानों ने भाग लिया। इसी प्रकार वजीरपुर उपखंड मुख्यालय पर जयपुर राजस्थान में तैनात रैपिड एक्शन फोर्स आरएएफ की 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं श्रवण लाल मीणा सहायकम कमांडेंट के नेतृत्व में सी बटालियन सोमवार को पुलिस थाना वजीरपुर के थाना प्रभारी योगेंद्र शर्मा के साथ मिलकर मुख्य बाजारों अस्पताल सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया ताकि भविष्य में जरुरत पड़ने पर उसे स्थान इलाके में तुरंत पहुंच कर शीघ्र कार्रवाई की जा सके रैपिड एक्शन फोर्स के परिचय अभ्यास के आयोजन की जानकारी देते हुए मीणा सहायक कमांडेंट ने बताया कि परीक्षा अभ्यास का उद्देश्य सांप्रदायिक तनाव की स्थिति घटित होने पर प्राकृतिक आपदा होने पर अधिक कारगर ढंग से उस पर कार्रवाई की जा सके और विषम परिस्थितियों में द्रुत कार्य बल शांति व्यवस्था बनाने में मदद कर सके इस अवसर पर वजीरपुर सरपंच मुकेश बैरवा ने माला एवं सफा पहनाकर स्वागत किया।

Rajasthan Darshan, Amer, (Raj)

रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने किया स्मृति वन में योगाभ्यास

राजस्थान दर्शन

आमेर। भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत योगा अभियान के तहत योग के प्रति आम जनता में जागरूकता लाने के लिए इस वाहिनी द्वारा विभिन्न एतिहासिक स्थलों पर चलाये जा रहे योग अभियान के तहत रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन द्वारा स्मृति वन जवाहर लाल नेहरू मार्ग झालाना डूँगरी में प्रवीण कुमार सिंह कमाण्डेण्ट के नेतृत्व में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुरेश सिंह पायल द्वितीय कमान अधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित उमेष गुप्ता रेंज वन अधिकारी जवानों एवं आमजन को योग का मनुष्य के जीवन में महत्त्व को बताया और साथ ही योग से होने वाले लाभों से अवगत करवाया एवं आगामी 21 जून को आने वाले 8वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के तत्वाधान में चलाये जा रहे योग कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में निरीक्षक महेश पुरी एवं वाहिनी के योग प्रशिक्षण प्राप्त कार्मिक सिपाही रतिराम ने स्मृति वन में उपस्थित सभी कार्मिकों को योगाभ्यास करवाया।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

100BN FAM-EX DUTY U/PS S.V.P.I AIRPORT & SABARMATI, AHMEDABAD, (GUJARAT)

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।